दैनिक भास्कर, बीकानेर

बीकानेर, गुरुवार 29 जून, 2023 | 10

अवादा फाउंडेशन द्वारा सुसज्जित मॉडल आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण

नापासर | अपने सामाजिक सरोकारों के तहत अवादा फाउंडेशन ने शोभासर ग्राम पंचायत के ग्राम भरुखीरा में आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र को सुसज्जित करवाने के तहत आंगनबाड़ी में पोषण वाटिका विकास, खेलकूद, पढ़ाई शिक्षण के समान-सामग्री व टीवी आदि शामिल है। मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण राज्य सरकार के आपदा एवं प्रबंधन मंत्री एवं खाजूवाला विधायक व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने किया।

मंत्री मेघवाल ने अवादा फाउंडेशन के सामाजिक सरोकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इन्हें जारी रखने का आग्रह किया। साथ ही तीन वर्षों से सामाजिक कार्यों के लिए अवादा समूह के प्रतिनिधि प्रबंधक मंनीष पांडे का साफा पहनाकर, फूल माला पहनाकर समस्त सीएसआर टीम का अभिनन्दन किया।

इस मौके पर बीकानेर प्रधान लालचन्द आसोपा, सरपंच जंगीरो देवी, ग्राम विकास अधिकारी गजेंद्र रामावत, सीडीपीओ नवरंग मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य सैय्यद शाहीन शेर शाह, सामाजिक कार्यकर्ता मीरचंद बाजीगर सहित कई मौजिज मंचासीन रहे।

राजस्थान पत्रिका, 29 जून 2023, बीकानेर

मॉडल आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण

खाजूवाला @ पत्रिका. सामाजिक सरोकारों के तहत अवादा फाउंडेशन ने संगठन के प्रमुख विनीत मित्तल के निर्देश पर ग्राम भरुखीरा में तैयार मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण आपदा एवं प्रबन्धन मंत्री एवं खाजूवाला विधायक गोविंदराम मेघवाल ने किया। आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका विकास, खेलकूद, पढ़ाई शिक्षण के समान-सामग्री एवं आधुनिक टेलीविजन आदि शामिल है। मंत्री मेघवाल ने अवादा फाउंडेशन के सामाजिक सरोकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इन्हें जारी रखने का आग्रह किया। साथ ही तीन वर्षों से सामाजिक कार्यों के लिए अवादा समूह के प्रतिनिधि प्रबन्धक मनीष पांडे का साफा पहनाकर व सीएसआर टीम का अभिनन्दन किया। इस मौके पर बीकानेर प्रधान लालचन्द आसोपा, सीडीपीओ नवरंग मेघवाल, पंचायत समिति सदस्य सैय्यद शाहीन शेर शाह, मीरचंद बाजीगर सहित कई गणमान्य लोग मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन डूंगरसिंह राठौड़ व गौरव राय ने किया। इस दौरान अवादा समूह से सुरक्षा प्रमुख भंवरपाल सिंह शेखावत, कृष्ण कुमार वर्मा, अजय कुमार, सूरज, राकेश, विशाल सिंह सहित ग्रामीण शामिल रहे।